Need to provide funds for development of Sanjay-Dubri National Park and Tiger Reserve and tourist facilities in the Tiger Reserve.-laid

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): मैं माननीय पर्यावरण मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहती हूँ किमेरे संसदीय क्षेत्र सीधी केअंतर्गत धौहनी विधानसभा में स्थित संजय दुबरी टाईगर रिजर्व बाघों का प्राकृतिक निवास स्थान है एवं पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है ।विदित है कि सर्वप्रथम सफ़ेद शेर यहीं देखा गया था,परंतु पर्यटकों हेतु मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण लोगों का रुझान व आकर्षण एक उच्च श्रेणी का पर्यटन स्थल एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण होने के बावजूद भी नही हो पाता, जिस कारण क्षेत्र व पर्यावरण दोनों का विकास अवरुध्द है।अतः मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि पर्यावरण एवं क्षेत्र के विकास दृष्टिगत रखते हुए यहाँ मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं सम्पूर्ण बाघ आरक्षित क्षेत्र को विकसित करने हेतु पर्याप्त बजट संजय दुबरी टाईगर रिजर्व को उपलब्ध कराने की कृपा करें।